GST NO. 07AAACE1747M1ZJ
CIN U20299DL1986 NPL023253
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070
Tel: 91-11-26135256
Fax: 91-11-26135518,26135519
Email: press@epch.com
web: www.epch.in

PRESS RELEASE

CONSTRUCTION WORK IN FULL SWING TO WELCOME THE OVERSEAS BUYERS AT 52ND EDITION OF IHGF-DELHI FAIR AUTUMN 2021 IN PHYSICAL MODE

NEW DELHI – 26th OCTOBER' 2021 - The EPCH is organizing its 52nd IHGF Delhi Fair from 28-31 October, 2021 in physical form at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida, Delhi NCR with SOPs as laid down by the Government of India. The show with around 1500 Indian exhibitors will display home, lifestyle, fashion, furniture and textiles items and is to be visited by overseas buyers from across the globe, buying consultants in India and Domestic Retail stores, said Dr. Rakesh Kumar, Director General-EPCH.

Further adding, he said the Construction work of exhibition halls, fair facilities, thematic pavilions etc. is in full swing at India Expo Centre & Mart, Greater Noida. During this edition of the fair, the maximum number of exhibitors are from Uttar Pradesh with 640 exhibitors and state of Rajasthan has 252 exhibitors, 334 from Delhi NCR etc. and rest exhibitors from Western, Eastern, Northern and Southern parts of India will be displaying their exquisite products to generate export orders from the overseas buying community.

He further added that on the basis of pre-registration of buyers from 90 countries, good business enquiries are expected to be generated during four days extravaganza.

For more information, please contact:
Dr. Rakesh Kumar, Director General – EPCH 9818272171

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

प्रेस विज्ञप्ति

भौतिक रूप से आयोजित हो रहे आईएचजीएफ- दिल्ली मेले के 52 वें संस्करण ऑटम 2021 में विदेशी ग्राहकों का स्वागत करने के लिए निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी

नई दिल्ली- 26 अक्टूबर 2021 – हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) 28-31 अक्टूबर 2021 तक आईएचजीएफ दिल्ली मेले का आयोजन भौतिक रुप में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोयडा, दिल्ली एनसीआर में भारत सरकार द्वारा कोरोना को लेकर जारी तमाम प्रोटोकाल्स, दिशानिर्देशों और एसओपी के साथ करने जा रहा है। इस अवसर पर ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 1500 भारतीय प्रदर्शक होम्स, जीवन शैली, फैशन, फर्नीचर और वस्त्र उत्पादों से जुड़ी वस्तुओं को प्रदर्शित करेंगे। इस आयोजन में दुनिया भर के विदेशी खरीदार इसमें शामिल होंगे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भारत में बाइंग कंसल्टेंट और घरेलू खुदरा स्टोरों के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

अपनी बात को विस्तार देते हुए उन्होंने कहा कि आयोजन से जुड़े प्रदर्शनी हॉल, मेला सुविधाओं ; थीम पैवेलियन आदि का निर्माण कार्य इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में पूरे जोर-शोर से चल रहा है। मेले के इस संस्करण में उत्तर प्रदेश से प्रदर्शकों की अधिकतम संख्या है, उत्तर प्रदेश से 640 प्रदर्शक और प्रतिभागी, राजस्थान राज्य के 252 प्रदर्शक, दिल्ली एनसीआर से 334 प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं जबकि अन्य प्रदर्शक देश के पश्चिमी, पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी आदि हिस्सों से हैं। ये सभी प्रतिभागी और प्रदर्शक विदेशी खरीददार समुदाय से निर्यात ऑर्डर हासिल करने के लिए अपने विशिष्ट और उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि 90 देशों के खरीदारों के पूर्व-पंजीकरण के आधार पर यह स्पष्ट है कि चार दिनों के इस भव्य आयोजन के दौरान अच्छी व्यावसायिक गतिविधि और इन्क्वायरी होने की उम्मीद है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक- ईपीसीएच-+91-9818272171

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

Glimpses of the IHGF Delhi Fair Autumn'2021 to be held from 28-31 October'2021 at India Expo Centre & Mart, Greater Noida

Follow us on #epchindia

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.